ई–मेल

प्रेषक,

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,
रामनगर (नैनीताल)।

सेवा में,

समस्त
मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तराखण्ड।

पत्रांकः– उ0वि0शि0प0/सिस्टम सेल/डा0प्रो0/1358-1469/2024–24 दिनांक 07 अगस्त, 2023

**विषयः– हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परिषदीय परीक्षा वर्ष 2024 के संस्थागत एवं व्यक्तिगत परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भरे जाने विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परिषदीय परीक्षा वर्ष 2024 के संस्थागत एवं व्यक्तिगत परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से विद्यालयों के द्वारा भरे जाने हैं। इस क्रम में ऑनलाइन पोर्टल को सफलता पूर्वक संचालित करने तथा इसकी विधाओं और कार्यक्षमता का उपयोग करने के लिए प्रधानाचार्यों को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करेंगें। पोर्टल दिनांक 10–08–2023 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 31–08–2023 की मध्य रात्रि तक खुला रहेगा।

**प्रधानाचार्यो हेतु निर्देश**

1– **स्कूल/कालेज पंजीकरण–** समस्त हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट (शासकीय/अशासकीय/मान्यता प्राप्त) परिषदीय परीक्षा वर्ष 2024 के परीक्षा आवेदन पत्र विद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक संलग्न आवश्यक दिशा निर्देशों के क्रम में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भरेंगें।

2– **जो विद्यालय वर्ष 2023–24 में नये उच्चीकृत हुए हैं अथवा अग्रसाण केन्द्र बनाये गये हैं उन विद्यालय के नामों की सूची विद्यालय कोड एवं दूरभाष सहित परिषद् कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि ऐसे उच्चीकृत/नवीन विद्यालयों की यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड तैयार कर सम्बन्धित विद्यालयों को अवगत कराया जा सके।**

**उपरोक्त हेतु निम्न तथ्यों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी–**

1– ऑनलाइन पोर्टल केवल **Desktop/Laptop** पर ही खोलें।

3– किसी भी प्रकार की पृच्छा के लिए पोर्टल के मुख्य पेज में प्रदर्शित किये जा रहे **Whatsapp No.** केवल **Message** के माध्यम से सम्पर्क करें।

4– ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन पत्र भरने हेतु लिंक, "उपयोगकर्ता मैनुअल और निर्देश गाइड" तथा निर्देश पत्र परिषद् की वैबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** के Board Examination आइकन पर उपलब्ध है।

5-- ऑनलाइन सम्बन्धी किसी भी प्रकार की पृच्छा हेतु उक्तवत् **Whatsapp No.** के अतिरिक्त निम्नवत् मोबाइल नम्बरों पर भी कार्यालय समय में सम्पर्क किया जा सकता है–

1– श्री वी0पी0 सिमल्टी, अपर सचिव – 7253993565
2– श्री बी0एम0एस0 रावत, अपर सचिव – 8755617431
3– श्री एस0पी0 सिंह, संयुक्त सचिव – 9410515155
4– श्री सी0पी0 रतूड़ी, उप सचिव – 7579246923
5– श्री एन0के0 जोशी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी – 9456321422
6– श्री राजीव रावत, प्रशासनिक अधिकारी – 7830403040
7– श्री इन्दु प्रकाश नेगी, प्रशासनिक अधिकारी – 9411593131

आपको संस्थागत एवं व्यक्तिगत आवेदन प्रक्रिया हेतु संशोधित समय सारणी दी जा रही है। संशोधित समय सारणी के अनुसार आई0सी0आर0 आवेदन पत्र, नामावली, स्मारिका, संख्या सूचक चक्र, राजकोष पत्र इत्यादि को खण्ड शिक्षा अधिकारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं परिषद् कार्यालय में यथा समय प्रस्तुत करेंगे।

| क्र0सं0 | विवरण | समयावधि | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रारम्भ होने की तिथि | 10 अगस्त, 2023 (10:00 AM से) | संस्थाध्यक्ष |
| 2 | विद्यालय द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि | 31 अगस्त, 2023 (11:59 PM तक) | संस्थाध्यक्ष |
| 3 | विद्यालय द्वारा पूरित आवेदन की सूचना खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि | 05 सितम्बर, 2023 तक | संस्थाध्यक्ष |
| 4 | पूरित आवेदनों की सूचना मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि | 10 सितम्बर, 2023 तक | खण्ड शिक्षा अधिकारी |
| 5 | पूरित आवेदनों की सूचना परिषद् कार्यालय में जमा करने की तिथि | 15 सितम्बर, 2023 | मुख्य शिक्षा अधिकारी |

संलग्न– ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश।

भवदीय
7/8/2023
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

पृ0सं0: उ0वि0शि0प0 / सिस्टम सेल / डा0प्रो0 / 1358-1469 / 2023–24 दिनांक उक्तवत्।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1– महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
2– निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
3– अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, कुमाऊँ / गढ़वाल मण्डल उत्तराखण्ड।
4– समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड।
5– समस्त प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक (शासकीय / अशासकीय / मान्यता प्राप्त) द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी।

7/8/2023
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद
रामनगर (नैनीताल)।

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल
# कक्षा 10 एवं कक्षा 12 परिषदीय परीक्षा 2024
# ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश

## :: महत्वपूर्ण निर्देश ::


- परिषद् की अधिकृत वेबसाइट पर ऑन–लाइन आवेदन पत्र विद्यालय द्वारा भरे जायेंगे।
- विद्यालय यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन कक्षाओं (अर्थात 10 अथवा 12 अथवा दोनों जैसी भी स्थिति हो) के विद्यालय में संचालन की अनुमति हो केवल उन्हीं के आवेदन पत्र विद्यालय द्वारा भरे जायेंगे।
- परिषद् द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि तक जितने छात्रों का परीक्षा शुल्क चालान द्वारा राजकोष में जमा किया गया है केवल उतने ही छात्रों के आवेदन–पत्र भरे जा सकेगें।
- विद्यालय सर्वप्रथम परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों के आई0सी0आर0 आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक विद्यालय में उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार दो प्रतियों में भरेंगे। आई0सी0आर0 आवेदन–पत्र परिषद् द्वारा पूर्व में ही उपलब्ध कराये जा चुके हैं। आई0सी0आर0 में अंकित सूचना के अनुसार ही छात्रों की ऑन–लाइन इंट्री / संशोधन वेबसाइट में किया जाएगा।
- **व्यक्तिगत आवेदन–पत्र केवल इस हेतु मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्धारित विद्यालयों से ही ऑन–लाइन भरे जाएंगे।** इस हेतु सम्बन्धित विद्यालयों द्वारा दूसरी ID से आवेदन–पत्र ऑन–लाइन भरे जाएंगे।
- ऑन–लाइन आवेदन प्रक्रिया को सरल, सुगम और व्यावहारिक बनाने के लिए उन सभी छात्र–छात्राओं का पूर्व पंजीकरण डेटा पेज पर उपलब्ध करा दिया गया है जो आपने गत वर्ष (शिक्षा सत्र 2022–23) नौवीं (हाईस्कूल परीक्षा 2024 हेतु) अथवा ग्यारहवीं (इण्टरमीडिएट परीक्षा 2024 हेतु) में भरा था।
- प्रत्येक विद्यालय को एक तीन अंकीय कोड मुख्य शिक्षा अधिकारी स्तर से आवंटित हुआ हो। इस से पूर्व तीन अंकीय जनपद कोड अंकित किया जायेगा। इस प्रकार प्रत्येक विद्यालय की 06 अंकीय ID होगी, जिसके प्रथम तीन अंक जनपद कोड एवं अगले तीन अंक स्कूल कोड के होंगे। इसी ID की सहायता से विद्यालय द्वारा लॉग–इन किया जायेगा। पासवर्ड गत वर्ष का यथावत रहेगा।

## :: ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया संबंधी दिशा निर्देश ::

1. आवेदक अर्थात विद्यालय सर्वप्रथम वेबसाइट **http://ubse.co.in** पर **DOWNLOAD INSTRUCTION/USER MANUAL** पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश को डाउनलोड कर उनका भली–भाँति अध्ययन कर लें।
2. उक्त वेबसाइट पर क्लिक करने पर निम्नवत पेज खुलेगा–

**Exam Application Form – 2024 for 10th & 12th Class**
(कक्षा 10वीं और 12वीं परीक्षा वर्ष 2024 के लिए आवेदन पत्र)
**Register** **Login**

विद्यालय अपनी स्थिति के अनुसार इस पेज पर **Register** अथवा **Login** पर क्लिक करेंगे (नये विद्यालय इस पेज पर **Register** और पूर्व से पंजीकृत विद्यालय **Login** पर क्लिक करेंगे)। इस प्रक्रिया के बाद अगला पेज निम्नवत खुलेगा–



3. इस पेज पर विद्यालय अपनी 06 अंकीय आईडी **(ID)**, पासवर्ड और कैप्चा अंकित कर **Login** पर क्लिक करेंगे। इस प्रक्रिया से अगला पेज (विद्यालय सामान्य सूचना प्रपत्र) खुलेगा।

4. इस पेज पर विद्यालय के बारे में वांछित समस्त सूचनाएं अनिवार्यतः अंकित की जाऐंगी। **जिसमें परीक्षार्थियों की संख्या एवं राजकोष में चालान द्वारा जमा किए गए परीक्षा शुल्क आदि का विवरण सही–सही अंकित किया जाय।** ताकि तद्नुसार अगले चरण में विद्यालय से हाईस्कूल/इण्टर परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने वाले समस्त परीक्षार्थियों का डाटा भरा जा सके।

*इस पेज पर विद्यालय का नाम, कोड आदि को संशोधित करने का विकल्प उपलब्ध नहीं है, केवल प्रधानाचार्य का नाम, परीक्षा प्रभारी का नाम, कार्यालय सहायक का नाम, परीक्षार्थियों की संख्या एवं चालान जमा का विवरण अंकित किया जा सकेगा। यदि किसी विद्यालय का नाम आदि गलत प्रदर्शित हो रहा है तो वह इसकी सूचना परिषद् कार्यालय को देगा, परिषद् स्तर से ही उसमें संशोधन हो सकेगा।*

5. **उक्त प्रक्रिया के सम्पादन के बाद –**

**a.** स्कूल लॉगिन करने के बाद सबसे पहले आपको बाईं साइडबार पर दो लिंक दिखाई देंगे एक इण्टरमीडिएट के लिए है और दूसरा हाईस्कूल के लिए है। **आवश्यक्तानुसार लिंक विद्यार्थी डेटा पर क्लिक करें।**

**b.** विद्यार्थी डेटा लिंक आपको उस पृष्ठ पर लेकर जायेगा, जिसमें आपको उन सभी छात्र–छात्राओं का पूर्व पंजीकरण डेटा मिलेगा जो आपने गत वर्ष (शिक्षा सत्र 2022–23) नौवीं (हाईस्कूल के लिंक पर क्लिक करने पर) अथवा ग्यारहवीं (इण्टरमीडिएट के लिंक पर क्लिक करने पर) में भरा था। इस पृष्ठ पर आपको खोज **Search** बॉक्स के साथ परीक्षार्थियों की सूची मिलेगी, जिसमें छात्र/छात्रा की सूचना निम्नवत प्रदर्शित हो रही होगी–

| Reg. No. | Name | Father Name | Mother Name | Correction | Current Status |
|---|---|---|---|---|---|
| 10199922110001 | XYZ | ABC | MNO | [redacted] | Choose<br>OK<br>Fail Delete<br>Expire Delete<br>Transfer Delete |

**c.** आप परीक्षार्थी के नाम के आगे **Correction** वाले बॉक्स में जाकर **Check Data** पर क्लिक करें, परीक्षार्थी के बारे में अंकित पूरा विवरण आपके सामने खुल जाएगा। **इसकी गंभीरता पूर्वक जॉच कर लें,** यदि आप परीक्षार्थी से सम्बन्धित किसी भी सूचना/विवरण को सही करना चाहते हैं तो आप **EDIT** बटन पर क्लिक कर उसे सही कर, पूर्ण रूप से संतुष्ट होने के उपरांत उसे **UPDATE** कर दें, परीक्षार्थी का सही डाटा सुरक्षित हो जाएगा।

**d.** यदि आपको किसी छात्र का नाम नहीं मिलता है तो आप खोज बॉक्स पर नाम या पंजीकरण संख्या टाइप कर पृष्ठ पर छात्र का विवरण प्राप्त कर सकते हैं और फिर उक्तवत **Correction** बटन पर क्लिक करके विवरण सही कर सुरक्षित कर सकते हैं।

**e.** उक्त प्रक्रिया के उपरांत सूची में छात्र के नाम के अंत में **Current Status** नाम का एक कॉलम है जिसमें आपको 4 विकल्प मिलेंगे। पहला है **OK,** दूसरा है **Fail,** तीसरा है **Expire** और चौथा है **Transfer,**

**i.** यदि छात्र/छात्रा वर्तमान में आपके विद्यालय में कक्षा 10/12 में अध्ययनरत है, अर्थात उसे इस वर्ष की आपके विद्यालय से कक्षा 10/12 की परीक्षा में सम्मिलित होना है, तो **OK** पर





क्लिक करें। इस प्रक्रिया से छात्र/छात्रा का विवरण आपके विद्यालय से हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने के लिए सुरक्षित हो जाएगा।

**ii.** यदि छात्र/छात्रा कक्षा 9/11 में अनुत्तीर्ण होने के कारण कक्षा 10/12 में कक्षोन्नत नहीं किया गया है तो **Fail** विकल्प का चयन करें। यदि छात्र/छात्रा किसी भी कारण से, यथा मृत्यु आदि विद्यालय छोड़ चुका है अर्थात वह विद्यालय में इस वर्ष कक्षा 10/12 में नहीं पढ़ रहा है तो **Expire** विकल्प का चयन करें। यदि किसी छात्र/छात्रा ने कक्षा 09/11 उत्तीर्ण होने के उपरांत आपके विद्यालय को छोड़ कर किसी अन्य विद्यालय में प्रवेश ले लिया हो तो **Transfer** विकल्प का चयन करें। इन तीनों में से किसी एक विकल्प को चुनने के बाद लाल बटन **Delete** पर क्लिक करें। छात्र–छात्रा का नाम आपके विद्यालय की कक्षा 10/12 की परीक्षार्थी सूची से बाहर हो जाएगा, अर्थात अब उसका नाम आपके विद्यालय की हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 की परीक्षार्थी सूची में नहीं आएगा।

**iii.** सूच्य है कि यदि कोई छात्र/छात्रा कक्षा नौवीं/ग्यारह में अनुत्तीर्ण है तो वह इस वर्ष की हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 के लिए पात्र नहीं होगा। **Fail** एवं **Expire** अभ्यर्थी का नाम किसी भी विद्यालय की हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 की परीक्षार्थी सूची में नहीं आ सकेगा, परन्तु **Transfer** अभ्यर्थी किसी अन्य विद्यालय में प्रवेश लेने का पात्र होगा अर्थत उसका नाम किसी अन्य विद्यालय की हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 की परीक्षार्थी सूची में आ सकता है।

**उक्त प्रक्रिया के सम्पादन के उपरांत**

**f.** यदि आप अपने विद्यालय में कक्षा 10/12 में अध्ययनरत किसी ऐसे परीक्षार्थी जिसका वर्ष 2022–23 में कक्षा 9/11 में आपके विद्यालय द्वारा पंजीकरण नहीं किया गया है, को अपने विद्यालय की हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 की परीक्षार्थी सूची को जोड़ना चाहते हैं तो आप परीक्षार्थी की स्थिति के अनुसार, निम्नवत तीन तरीकों से इसे जोड़ सकते हैं:

- **Add New Student** बटन पर क्लिक करें, यहां **Choose** बॉक्स में आपको 3 विकल्प मिलेंगे। पहला है **Fail - 2023,** दूसरा है **Transferred ,** और तीसरा है **Old UK Board/Other Board.**

**i.** यदि आपके विद्यालय में कोई छात्र/छात्रा हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 में अनुत्तीर्ण हुआ हो और वह इस वर्ष की हाईस्कूल/ इंटरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित हो रहा हो तो ऐसे प्रकरण में **Fail - 2023** विकल्प का चयन करें, छात्र/छात्रा का वर्ष 2023 की परिषदीय परीक्षा का अनुक्रमांक (रोल नंबर) अंकित करें **Add New Fail (2023)** पर क्लिक करें, सम्बन्धित छात्र/छात्रा का नाम सूची में आ जाएगा। बिन्दु संख्या 05 c & e (i) में अंकित प्रक्रिया का पालन करें। इस प्रक्रिया से उस छात्र/छात्रा का नाम आपके विद्यालय की हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 की परीक्षार्थी सूची में सम्मिलित हो जाएगा।

**ii.** यदि कोई छात्र/छात्र ने, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् से सम्बद्ध किसी अन्य विद्यालय से कक्षा 09/11 उत्तीर्ण होकर, आपके विद्यालय में प्रवेश लिया है और उसके पास वर्ष 2022–23 का कक्षा 9/11 का उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् द्वारा निर्गत पंजीकरण कार्ड उपलब्ध है। **Transfered** विकल्प का चयन करें, छात्र/छात्रा का पंजीकरण क्रमांक (14 अंकीय) अंकित कर **Transfer (2024)** पर क्लिक करें, सम्बन्धित छात्र/छात्रा का नाम सूची में आ जाएगा। बिन्दु संख्या 05 c & e (i) में अंकित प्रक्रिया का पालन करें। इस प्रक्रिया से उस छात्र/छात्रा का नाम आपके विद्यालय की हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 की परीक्षार्थी सूची में सम्मिलित हो जाएगा।

**iii.** दूसरे बोर्ड से कक्षा 10 / 12 में आने वाले अथवा कक्षा 9 / 11 में वर्ष 2022–23 में ऑन–लाइन पंजीकरण से वंचित रह गये छात्रों के संदर्भ में **Old UK Board/Other Board** विकल्प का चयन करें, **New Entry (Old Uk Board/Other Board)** पर क्लिक करें, इस पर क्लिक करने से एक पेज खुलेगा जिसमें आपको नए उम्मीदवार का पूरा विवरण, फोटो, हस्ताक्षर आदि दर्ज करना होगा, इस सम्बन्ध में विस्तृत प्रक्रिया संलग्नक : एक में दी गयी है। इस पेज पर विवरण अंकित करने के उपरांत उसे **SUBMIT** कर दें छात्र का विवरण सुरक्षित हो जाएगा और सम्बन्धित छात्र / छात्रा का नाम सूची में आ जाएगा। बिन्दु संख्या 05 c & e (i) में अंकित प्रक्रिया का पालन करें। इस प्रक्रिया से उस छात्र / छात्रा का नाम आपके आपके विद्यालय की हाईस्कूल / इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 की परीक्षार्थी सूची में सम्मिलित हो जाएगा।

**ऐसे प्रकरणों में सम्बन्धित छात्र का पंजीकरण शुल्क (रू0 10.00 प्रति छात्र) भी अलग से राजकोष में जमा कर मूल चालान परिषद् को उपलब्ध कराना होगा।**

**g.** उक्तवत समस्त परीक्षार्थियों की जॉच करने एवं नए परीक्षार्थियों को सम्मिलित करने के उपरांत **Lock Data** बटन पर क्लिक करें। आपके विद्यालय से हाईस्कूल / इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में सम्मिलित हो रहे समस्त परीक्षार्थियों का विवरण लॉक हो जाएगा। **ध्यान दें कि इस प्रक्रिया के बाद आप न किसी परीक्षार्थी के डाटा में संशोधन कर पाएंगे और नहीं कोई नया परीक्षार्थी सूची में जोड़ पाएंगे।** इस प्रक्रिया के सम्पादन के उपरांत आपके विद्यालय के उन सभी छात्र / छात्राओं का नाम अंतिम रूप से सुरक्षित हो जाएगा जो वास्तव में आपके विद्यालय से हाईस्कूल / इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने हेतु पात्र हैं और जिनका परीक्षा शुल्क आपके द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत जमा किया जा चुका है।

***h.*** *इण्टर कृषि वर्ग में **F1** की आवेदन प्रक्रिया हेतु **f (i)** अथवा **f (iii)** की तरह से प्रक्रिया अपनायी जाएगी।*

**i.** उक्त प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत विद्यालय की हाईस्कूल / इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 के परीक्षार्थियों की सूची (नॉमिनल रोल) तैयार हो जाएगी। **जिसे डाउनलोड कर स्मारिका, शुल्क जमा के मूल चालान एवं आई0सी0आर0 आवेदन पत्रों के साथ पृथक–पृथक (हाईस्कूल अलग एवं इण्टर अलग) निम्न कार्यक्रमानुसार खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराया जाना होगा।**

## :: परिषदीय परीक्षा 2024 ऑन–लाइन आवेदन का कार्यक्रम ::

हाईस्कूल एवं इण्टर परीक्षा 2024 (व्यक्तिगत सहित) की आवेदन प्रक्रिया निम्न समयसारणी के अनुसार सम्पादित की जाएगी। यह एक समयबद्ध कार्यक्रम है अतः इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन सम्भव नहीं होगा।

| क्र0सं0 | विवरण | समयावधि | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि | **10 अगस्त 2023 (10:00 AM से)** | संस्थाध्यक्ष |
| 2 | विद्यालय द्वारा ऑनलाइन आवेदनपत्र भरने की अंतिम तिथि | **31 अगस्त 2023 (11:59 PM तक)** | संस्थाध्यक्ष |
| 3 | विद्यालय द्वारा पूरित आवेदनों की सूचना खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | **05 सितम्बर 2023 तक** | संस्थाध्यक्ष |
| 4 | पूरित आवेदनों की सूचना मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | **10 सितम्बर 2023 तक** | खण्ड शिक्षा अधिकारी |
| 5 | पूरित आवेदनों की सूचना परिषद् कार्यालय में जमा करने की तिथि | **15 सितम्बर 2023 तक** | मुख्य शिक्षा अधिकारी |

*संलग्नक : एक*

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल
## कक्षा 10 एवं कक्षा 12 परिषदीय पंजीकरण 2023-24
## (केवल पंजीकरण से वंचित छात्रों हेतु)
## पंजीकरण प्रक्रिया हेतु आवश्यक दिशा निर्देश

- परिषद् की अधिकृत वेबसाइट पर परिषद् द्वारा कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की परिषदीय परीक्षा 2024 हेतु निर्धारित समय–सारणी के अनुसार कक्षा 9/11 में वर्ष 2022–23 में पंजीकरण से वंचित रह गए (अन्य बोर्डो से प्रवेश लेने वालों सहित) समस्त छात्र–छात्राओं के ऑन–लाइन पंजीकरण आवेदन पत्र विद्यालय द्वारा भरे जायेंगे। ***इण्टर कृषि वर्ग में F1*** *में पंजीकृत छात्र–डात्राओं के पंजीकरण की कार्यवाही भी इसी समय की जाएगी।*
- विद्यालय यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन कक्षाओं (अर्थात 10 अथवा 12 अथवा दोनों जैसी भी स्थिति हो) के विद्यालय में संचालन की अनुमति हो केवल उन्हीं के पंजीकरण आवेदन पत्र विद्यालय द्वारा भरे जायेंगे।
- गत वर्ष 2022–23 में में उत्तराखण्ड विद्यालय शिक्षा परिषद् में केवल कक्षा 09 एवं कक्षा 11 में पंजीकरण की कार्यवाही की गयी थी। सूच्य है कि इसी पंजीकरण डाटा में उपलब्ध सूचनाओं का प्रयोग इस वर्ष की कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की परिषदीय परीक्षा हेतु किया जाना है। यदि किसी छात्र/छात्रा का गत वर्ष **कक्षा 9 एवं कक्षा 11 में पंजीकरण की कार्यवाही नहीं की जा सकी अथवा उसके द्वारा किसी अन्य बोर्ड से कक्षा 9/11 उत्तीर्ण करने के उपरांत कक्षा 10/12 में आपके विद्यालय में प्रवेश लिया गया हो और वह छात्र/छात्रा इस वर्ष की कक्षा 10 अथवा 12 की परिषदीय परीक्षा में प्रतिभाग कर रहा/रही हो तो सर्वप्रथम उसके पंजीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।**
- **पंजीकरण की कार्यवाही विद्यालय द्वारा पोर्टल में दिए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। यह कार्य कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की आवेदन प्रक्रिया के दौरान ही सम्पादित किया जाएगा।**
- पंजीकरण शुल्क की दर प्रति छात्र/छात्रा रू0 10.00 है जो कक्षा 10/12 के ऑन–लाइन आवेदन हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक राजकोष में जमा की जा सकती है। अंतिम तिथि तक जितने छात्रों का पंजीकरण शुल्क चालान द्वारा राजकोष में जमा किया गया है केवल उतने ही छात्रों के पंजीकरण आवेदन–पत्र विद्यालय द्वारा ऑन–लाइन भरे जा सकेगें।
- निर्धारित अंतिम तिथि तक आन–लाइन पंजीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने का पूर्ण दायित्व संस्थाध्यक्ष का होगा। छात्रों का डाटा काफी सावधानी से भरा जाय, सुनिश्चित करें कि इसमें कोई त्रुटि न हो।
- **ऑन–लाइन पंजीकरण की कार्यवाही सम्पादित करने के उपरांत इसकी सूचना, शुल्क जमा के चालान की मूल प्रति के सांथ संलग्न प्रपत्र पर विद्यालय द्वारा पृथक से परिषद् को उपलब्ध करायी जाएगी।**
- **कक्षा 10/12/F1 के पजीकरण से वंचित छात्र/छात्राओं का पंजीकरण शुल्क (रू0 10.00 प्रति परीक्षार्थी) राजकोष जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 28 अगस्त 2023 होगी।**
- विद्यालयों को सलाह दी जाती है कि जिन छात्र–छात्राओं का पंजीकरण किया जाना है उनके फोटो (साइज 20 से 100 के0बी0) एवं हस्ताक्षर (साइज 10 से 50 के0बी0), अपलोड किया जाना है, अतः इन्हें तैयार रखा जाय, जिससे ऑन–लाइन आवेदन के समय इनहें सरलता से अपलोड किया जा सके।
- **सुनिश्चित करें इस समय कक्षा 10/12/F1 के केवल उन छात्र/छात्राओं का पंजीकरण किया जाना है जिनका पूर्व (गत वर्ष 2022–23 में) में परिषद् में पंजीकरण नहीं हुआ है। इस वर्ष के लिए कक्षा 9 एवं कक्षा 11 के पंजीकरण की प्रक्रिया बाद में (माह अक्टूबर 2023) सम्पादित की जाएगी। इस हेतु पृथक से निर्देश प्रदान किए जाएंगे।**

# ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन भरने हेतु निर्देश

- वर्तमान में कक्षा 10, कक्षा 12 एवं कृषि वर्ग F1 के केवल उन छात्र/छात्राओं का पंजीकरण किया जाना है जिनका पूर्व (गत वर्ष 2022–23 में) मे परिषद् में पंजीकरण नहीं हुआ है। इस वर्ष के लिए कक्षा 9 एवं कक्षा 11 के पंजीकरण की प्रक्रिया बाद में (माह अक्टूबर 2023) सम्पादित की जाएगी। इस हेतु पृथक से निर्देश प्रदान किए जाएंगे।
- आवेदन पत्र में सभी सूचनाएं अनिवार्यतः अंकित की जानी है। जिन सूचनाओं के आगे * अंकित उन्हें पूरित किये बिना पंजीकरण आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा।
- जिन सूचनाओं के आगे चयन **(Select)** का बॉक्स बना है, उस बॉक्स को **Click** करने पर जो **Option** दिखायी देंगे, उनमें से किसी एक का चयन **(Select)** करना है।
- किसी भी नाम के आगे Ku./Mr./Mrs/Shri/Smt./Dr. आदि अंकित न करें।
- जो विद्यालय व्यक्तिगत परीक्षा के केन्द्र के रूप में भी चयनित होंगे उनमें सर्वप्रथम संस्थागत छात्रों की डाटा इंट्री होगी। संस्थागत छात्रों की डाटा इंट्री पूरी होने के उपरांत व्यक्तिगत छात्रों की डाटा की इंट्री की जायेगी।
- डाटा की ऑन–लाइन इंट्री निम्नानुसार जायेगी–
  - ➢ स्कॉलर रजिस्टर क्रमांक* : 14 अंकीय पंजीकरण संख्या स्वतः जनरेट होगी, जिसके तीन अंक जनपद कोड, तीन अंक स्कूल कोड, दो अंक पंजीकरण वर्ष, दो अंक कक्षा, 4 अंक क्रमांक (9001 से) के होंगे।
  - ➢ जनपद कोड* : 03 अंकीय जनपद कोड स्वतः जनरेट होगा।
  - ➢ विद्यालय कोड* : 03 अंकीय विद्यालय कोड स्वतः जनरेट होगा।
  - ➢ विद्यालय का प्रकार* : इस कॉलम में स्कूल जिस प्रकार **(A/B/C/D)** है, वह स्वतः जनरेट होगा।
  - ➢ विकासखण्ड का नाम* : इस कॉलम में जिस विकासखण्ड मे विद्यालय स्थित है वह स्वतः जनरेट होगा।
  - ➢ कक्षा* : इस कॉलम में जिस कक्षा **(10/12/F1)** में छात्र/छात्रा अध्ययनरत है उसका चयन **(Select)** करना होगा।
  - ➢ आवेदन का प्रकार* : इस कॉलम छात्र/छात्रा का आवेदन का प्रकार अंकित किया जायेगा। दिये गये विकल्पों **(REGU/PVT.)** में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा।
  - ➢ रेगुलेशन कोड* : इस कॉलम छात्र/छात्रा का रेगुलेशन कोड अंकित किया जायेगा। दिये गये विकल्पों **(All Papers/Under Regulation)** में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा।
  - ➢ स्कूल का क्षेत्र* : इस कॉलम में स्कूल जिस क्षेत्र **(URBAN/RURAL)** में स्थित है, वह स्वतः जनरेट होगा।
  - ➢ छात्र/छात्रा का नाम * : आवेदन पत्र में छात्र/छात्रा का नाम अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा में अंकित किया जायेगा।
  - ➢ माता का नाम : आवेदन पत्र में छात्र/छात्रा की माता का नाम अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा में अंकित किया जायेगा।
  - ➢ पिता का नाम : आवेदन पत्र में छात्र/छात्रा के पिता का नाम अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा में अंकित किया जायेगा।
  - ➢ जाति* : इस कॉलम छात्र/छात्रा की जाति अंकित की जायेगी। दिये गये विकल्पों **(SC/ST/OBC/GEN)** में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा।
  - ➢ परीक्षा का माध्यम* : इस कॉलम छात्र/छात्रा का के परीक्षा का माध्यम अंकित किया जायेगा। दिये गये विकल्पों **(HINDI/ENGLISH)** में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा।
  - ➢ लिंग* इस कॉलम में आवेदक अपना लिंग **(MALE/ KM/SMT/OTHER)** अंकित करेगा।
  - ➢ दिव्यांग हैं/नही हैं* : इस कॉलम में यदि छात्र/छात्रा 40 प्रतिशत या उससे अधिक निःशक्त (दिव्यांग) हैं तो हाँ **(YES)** अंकित करें, अन्यथा नहीं **(NO)** अंकित करें।
  - ➢ विकलांगता (दिव्यांगता) का प्रकार* : यदि आवेदक द्वारा विकलांगता (दिव्यांगता) की स्थिति में हाँ **(YES)** अंकित किया गया हो तो अपनी विकलांगता (दिव्यांगता) के अनुसार दिये गये 21 विकल्पों में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा।
  - ➢ दिव्यांगता प्रमाणपत्र है/नहीं हैं* : इस कॉलम में यदि छात्र/छात्रा का निःशक्तता (दिव्यांगता) का प्रमाणपत्र बना हैं तो हाँ **(YES)** अंकित करें, नहीं बना है तो नहीं **(NO)** अंकित करें।
  - ➢ श्रुतलेखक* : इस कॉलम में यदि छात्र/छात्रा विकलांग (दिव्यांग) है तो उसे परीक्षा में श्रुतलेखक चाहिये/नहीं चाहिए की अंकना की जायेगी।
  - ➢ अल्पसंख्यक हैं/नहीं हैं* : इस कॉलम में यदि छात्र/छात्रा अल्पसंख्यक समुदाय से है तो हाँ **(YES)** अंकित करें, अन्यथा नहीं **(NO)** अंकित करें।
  - ➢ अल्पसंख्यक प्रकार* : इस कॉलम छात्र/छात्र के समुदाय के अनुसार किसी किसी एक विकल्प **(Muslim/Sikh/Christian/Budhist/Parsi/Jain)** का चयन **(Select)** करना होगा।

- छात्र/छात्रा की आधार संख्या : इस कॉलम में छात्र/छात्रा की 12 अंकीय आधार कार्ड संख्या अंकित की जायेगी।
- छात्र/छात्रा का मोबाइल नम्बर* : इस कॉलम में छात्र/छात्रा का मोबाइल नम्बर अंकित किया जायेगा।
- छात्र/छात्रा का ई–मेल : इस कॉलम में छात्र/छात्रा का ई–मेल अंकित किया जायेगा।
- जन्मतिथि* : कक्षा 10 के संदर्भ में इस कॉलम में छात्र/छात्रा की जन्मतिथि **(DD/MM/YYYY)** फार्मेट में अंकित की जायेगी।
- ग्रुप* : कक्षा 12 के संदर्भ में इस कॉलम छात्र/छात्रा का ग्रुप (मानविकी/विज्ञान/वाणिज्य/कृषि) अंकित किया जायेगा। दिये गये विकल्पों **(A/B/C/F2)** में से किसी एक विकल्प का चयन **(Select)** करना होगा।
- विषय* : दिए गए कॉलमों में छात्र/छात्रा के विषय अंकित किये जायेंगे। दिये गये विषयों का चयन **(Select)** करना होगा। कक्षा 10 के संदर्भ में 06 विषय एवं कक्षा 12 के संदर्भ में 05 विषयों की अंकना की जायेगी। विनियम के अंगर्त परीक्षा दे रहे छात्रों के संदर्भ में अधिकतम 04 विषयों की ही अंकना की जा सकेगी।
- छात्र का पूर्ण पता* : इस कॉलम में छात्र/छात्रा का पूरा पता अंकित करना होगा।
- प्रदेश : इस कॉलम में छात्र/छात्रा के पते के प्रदेश (राज्य) के नाम का चयन **(Select)** करेगा।
- जनपद : इस कॉलम में आवेदक को अपने पते के जनपद (जिले) के नाम का चयन **(Select)** करेगा।
- पिन कोड नम्बर : इस कॉलम में आवेदक को अपने पत्र व्यवहार का पिनकोड नम्बर अंकित करना होगा।

- फोटो* : उक्तवत सूचना अंकित करने के उपरान्त छात्र/छात्रा का फोटो जिसका साइज 20 से 100 के0बी0 हो, उसे अपलोड किया जायेगा।
- हस्ताक्षर* : उक्त फोटो अपलोड करने के उपरान्त छात्र/छात्रा का हस्ताक्षर जिसका साइज 10 से 50 के0बी0 हो, अपलोड किया जायेगा।

21/8/2023

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर, नैनीताल

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल
## कक्षा 10 एवं कक्षा 12 परिषदीय पंजीकरण 2024
## ऑनलाइन पंजीकरण संकलित सूचना प्रपत्र

1. विद्यालय का कोड :

2. विद्यालय का नाम :

3. विकास खण्ड : 4. जनपदः

5. विद्यालय का दूरभाष नम्बर 7. ई–मेल :

6. कक्षा : हाईस्कूल / इण्टरमीडिएट

7. कुल पंजीकृत छात्र संख्या एवं जमा शुल्क का विवरण :

| क्र0 सं0 | कक्षा | कुल पंजीकृत किए गये छात्रों की संख्या | | | | जमा धनराशि एवं चालानो का विवरण | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संस्थागत | व्यक्तिगत | विनियम के अंतर्गत | योग | कुल जमा शुल्क | चालानों की संख्या | |
| 1 | X | | | | | | | |
| 2 | XII | | | | | | | |
| | Total | | | | | | | |

8. संलग्नकों का विवरण :

- राजकोष में परीक्षा शुल्क जमा चालान (मूल रूप में) –
-

9.संस्थाध्यक्ष का प्रमाण–पत्र :

प्रमाणित किया जाता है कि मैं अपने विद्यालय के सन् 2024 (शिक्षा सत्र 2023–234) की हाईस्कूल / इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होने वाले जिन परीक्षार्थियों के पंजीकरण की कार्यवाही की गयी है उनके प्रवेश विद्यालय की 10वीं अथवा 12वीं कक्षा में भली भॉति जॉच करने के उपरान्त ही किये गये हैं तथा सभी परीक्षार्थी नियमानुसार 2024 की हाईस्कूल / इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों का अभ्यर्थन परिषद के विनियमों के अनुसार सही है। विद्यालय में शासन / विभाग द्वारा स्वीकृत विषयों में ही परीक्षार्थियों का पंजीकरण किया गया हैं। 10वीं अथवा 12वीं कक्षा में परीक्षार्थियों को उन्हीं विषयों में सम्मिलित कराने हेतु पंजीकृत किया गया हैं जिन विषयों में उनके द्वारा कक्षा 9वीं अथवा कक्षा 11वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

मैंने अपने विद्यालय के कक्षा 10वीं / 12वीं कक्षा में नये परीक्षार्थियो के प्रवेश लेते समय इस बात की भली–भॉति जॉच कर ली है कि सभी परीक्षार्थी उपर्युक्त कक्षा में नियमानुसार प्रवेश लेने के अधिकारी हैं। ऐसे किसी भी नये परीक्षार्थी का पंजीकरण उक्त कक्षा में नहीं किया गया है, जो कि नियम विरुद्ध एवं अपात्र (Incligible) हो। पंजीकृत सभी परीक्षार्थी सन् 2024 की हाईस्कूल / इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होने के अधिकारी हैं। पंजीकरण अंकित समस्त सूचनाएं सही एवं विद्यालयी अभिलेखानुसार प्रमाणिक है। किसी भी सूचना या तथ्य के त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर यदि विद्यालय की परीक्षा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है जो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।

प्रधानाध्यापक / प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर

नाम : ..............................................................

मुहर : ..............................................................